पिता की बायोपिक में काम करना चाहती हैं दीपिका

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण अपने पिता और पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण की बायोपिक में काम करना चाहती हैं।

बॉलीवुड में इन दिनों खिलाड़ियों के जीवन पर फिल्म बनाने का चलन जोरो पर है। मिल्खा सिंह से लेकर बॉक्सर मैरी कॉम और अब बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल पर भी एक बायोपिक बनने जा रही है। दीपिका की बैडमिंटन में काफी दिलचस्पी रही है और वे अपने एथलेटिक फिगर के लिए भी जानी जाती हैं।

उनके पिता प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन के वरिष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। दीपिका इन दिनों फिल्म छपाक में काम कर रही है।

फिल्म में दीपिका एसिड अटैक सर्वाइवर का किरदार निभाती नजर आयेंगी। दीपिका से जब बायोपिक फिल्म में काम करने के बारे में पूछा गया वह कौन सी ऐसी बायोपिक है जिसे वे बनते देखना चाहेंगी इस पर दीपिका ने अपने पिता प्रकाश पादुकोण का नाम लिया।

दीपिका ने कहा,मैं जेंडर का मुद्दा समझ सकती हूं लेकिन यदि मुझे कोई स्पोर्ट्स खिलाड़ी का किरदार निभाने का मौका मिले तो मैं अपने पिता या उस दौर के ही किसी खिलाड़ी की बायोपिक में काम करना चाहूंगी, क्योंकि उन लोगों ने विषम परिस्थितियों, फंड्स की कमी, कम सुविधाओं में जैसा प्रदर्शन किया है, वो बेहद काबिले-तारीफ है। मुझे अपने पिता के दौर के खिलाड़ी काफी इंस्पायर करते हैं।

क्रिस्टल डिसूजा बेहद जुदा अंदाज़ में डॉलफिन के साथ कर रही हैं मस्ती

टेलीविज़न अभिनेत्री क्रिस्टल डिसूज़ा, जो स्टार प्लस के मशहूर शो एक हजारों में मेरी बहना है से फेमस हुई थीं, इन दिनों वेकेशन को एंजॉय कर रही हैं. बता दें वह जल्द ही अपना डिजिटल डेब्यू करने के लिए तैयार हैं. हाल ही में अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए एक चौंकाने वाली तस्वीर शेयर की है. बीते दिनों उन्होंने इंस्टाग्राम हैंडल पर बिकिनी में अपनी एक तस्वीर को शेयर कर सनसनी मचा दी थी. इस बार क्रिस्टल ने पानी में डॉलफिन के साथ मस्ती करती हुए चंद तस्वीरों को शेयर किया है. डॉलफिन के साथ तस्वीर में उन्हें मल्टी कलर के स्विमसूट के साथ देखा जा सकता है. इस अंदाज में क्रिस्टल काफी खुश नजर आ रही हैं. लाइट मेकअप में क्रिस्टल बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इस दौरान क्रिस्टल डॉलफिन को कुछ खिलाती भी दिखाई दीं. सिर्फ खूबसूरती ही नहीं टीवी शो में अपने शानदार किरदार के लिए स्टार प्लस की तरफ से क्रिस्टल को बेस्ट पत्नी के किरदार के लिए स्टार परिवार अवॉर्ड से नवाज़ा जा चुका है. बीते दिनों क्रिस्टल जी टीवी के मशहूर सीरियल ब्रह्मराक्षस- जाग उठा शैतान में रैना के किरदार में नजर आईं थी इतना ही नहीं टीवी की इस अदाकारा ने अपना मोबाइल एप लॉन्च किया है.

कबीर सिंह छोड़े जाने पर बोलीं तारा सुतारिया

शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म कबीर सिंह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही है। यह तेलुगू फिल्म अर्जुन रेड्डी की हिंदी रीमेक है। अभी तक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपयों से ज्यादा का बिजनस कर लिया है। फिल्म कियारा आडवाणी के किरदार की भी जमकर तारीफ की जा रही है। वैसे बहुत कम ही लोगों को पता इस फिल्म के लिए डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी की पहली पसंद कियारा आडवाणी नहीं बल्कि फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस तारा सुतारिया थीं। उन्होंने कहा कि यह फिल्म एक सुपरहिट तेलुगू फिल्म का रीमेक है तो इसे हिट तो होना ही था फिल्म पर आ रहे नेगेटिव कॉमेंट्स पर तारा ने कहा कि एक महिला, आर्टिस्ट और व्यक्ति होने के नाते उनकी कुछ निश्चित जिम्मेदारियां होती हैं लेकिन एक आर्टिस्ट के तौर पर आपको क्रिएटिव फ्रीडम और अपने हिसाब से विचार प्रकट करने का अधिकार होना चाहिए और यह ऑडियंस के ऊपर है कि वे इसका क्या मतलब निकालते हैं। हालांकि तारा ने यह भी कहा कि एक फिल्म के तौर पर उन्हें कबीर सिंह और अर्जुन रेड्डी दोनों ही बहुत पसंद आई थीं।